## एक नजर में

### गुरु दीक्षा एक प्रकार का आध्यात्मिक परिणय

**उज्जैन।** गुरु दीक्षा दो आत्माओं की आध्यात्मिक क्षेत्र की घनिष्ठता है। जिसमें दुर्बल पक्ष को सबल के साथ जुड़ जाने जैसा लाभ मिलता है। यह जानकारी देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से आए कुलदीप कुमार ने गायत्री शक्तिपीठ पर गुरु दीक्षा संस्कार करते हुए नव दीक्षितों के को दी। आपने बताया कि गुरु दीक्षा आपसी लेनदेन का संबंध है। शिष्य अपने को गुरु को समर्पित करता है गुरु उसे अपने तपोबल से शिष्य की आत्मा को ऊंचा उठाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ता। यहां पर 85 से अधिक श्रद्धालुओं ने दीक्षा ली। पुराने दीक्षितों की दीक्षा का नवीनीकरण कराते हुए श्री कुलदीप जी ने दीक्षा अनुबंधों का स्मरण करते हुए बताया कि उपासना, साधना और आराधना समयदान और अंशदान में नियमितता से दीक्षा फलित होती है अत: इसमें व्यतिरेक ना आने दें। एक अन्य संस्कार में 36 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराते हुए बानप्रस्थी रमेश चंद्र लेवे जी ने बटुकों को बताया कि यज्ञोपवीत गायत्री की प्रतिमूर्ति हैं। अपनी बुद्धि को सात्विक ,सन्मार्गगामी बनाने के लिए सचेष्ट रहना चाहिए यह गायत्री मंत्र की शिक्षा है। आपने बटुकों को बताया कि सत्य ,प्रेम और न्याय की भावनाओं को हृदमंगम करने और उनके अनुसार आचरण में प्रवृत्त होने पर हम देवऋण, ऋषि ऋण और पितृऋण से छुटकारा पाते हैं और जीवन मुक्त होकर परम पद पाने के लिए स्वतंत्र हो जाते हैं, यही यज्ञोपवीत तीन तारों में निहित प्रेरणा और शिक्षा है। संस्कारों के क्रम में यहां पुंसवन, मुंडन और विद्यारंभ संस्कार भी कराए गए। प्रात: काल पर्व पूजन के अंतर्गत यहां सजल श्रद्ध -प्रखर प्रज्ञा का विशेष अभिषेक पूजन हुआ इसके बाद 9 कुण्डीय यज्ञशाला ने 300 से अधिक याजकों द्वारा आहुतियां प्रदान की गईं। यज्ञ का संचालन हरिद्वार से आए अंकित यादव ने किया। इस अवसर पर नगर में शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य के लिए नीलम खत्री, सुनील खत्री, डॉ माधवी वर्मा, दीपिका सोलंकी, बबिता पाराशर, सीमा वशिष्ठ का अभिनंदन जेपी यादव व्यवस्थापक गायत्री शक्तिपीठ ने किया गया। 150 जामुन के पौधे वितरित किए गये। यज्ञ संस्कार के बाद श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई थी।

### 5 हजार का इनामी फरार आरोपी पकड़ाया



**उज्जैन।** अभिभाषक और दो साथियों का कट्टे की नोक पर कार में अपहरण करने वाले आरोपियों में शामिल एक आरोपी को नागझिरी से पुलिस ने गिर तार किया है। जिस पर 5 हजार रुपए का इनाम था। पूर्व में अपहरण के मु य आरोपी सहित 7 लोगों को पुलिस गिर तार कर चुकी है। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि 7 अप्रैल को जमीन विवाद में अभिभाषक उमेश नामदेव अपने दो साथी अजय विश्वकर्मा और अनिल चंदेल के साथ रियल स्टेट का काम करने वाले संदीप बोस के ऑफिस बड़नगर बायपास मार्ग पर पहुंचे थे। अजय और संदीप के बीच जमीन का विवाद चल रहा था। बातचीत के दौरान संदीप के 8 से 10 साथियों ने अभिभाषक और उनके दोनों साथियों का कट्टे की नोक पर अपहरण कर लिया था और ग्राम रातड़िया ले जाकर मारपीट की थी। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज करने के बाद मुख्य आरोपी संदीप जाट और सात अन्य को गिर तार कर जेल भेज दिया था। अपहरण में शामिल निलेश आंजना निवासी अंबोदिया तीन माह से फरार चल रहा था। जिसकी गिर तारी पर 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था। बुधवार को पुलिस ने सूचना मिलने के बाद फरार इनामी आरोपी को नागझिरी क्षेत्र से गिर तार कर लिया जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार अब तक अपहरण मामले में 9 लोगों की गिर तारी हो चुकी है। दो फरार चल रहे हैं जिन्हें जल्द गिर तार कर लिया जाएगा।

### कच्ची शराब के साथ गिरफ्त में आये 3 आरोपी

**उज्जैन।** शहर में 1 अप्रैल से शराब पर प्रतिबंधि लगाया जा चुका है। देशी-विदेशी शराब की दुकाने नगर निगम सीमा से बाहर कर दी गई है। जिसके चलते हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब का शहर में प्रवेश होता दिखाई दे रहा है। मंगलवार-बुधवार रात नीलगंगा थाना पुलिस को सूचना मिली कि वाकणकर ब्रिज के पास निर्माणाधीन पार्किंग की खाली बिल्डिंग में मजदूरों के लिये कच्ची शराब लाई गई है। थाना प्रभारी तरुण कुरील ने एसआई वर्षा सोलंकी, प्रधान आरक्षक दिग्विजयसिंह, आरक्षक दीपक दिनकर और महेन्द्र की टीम को पड़ताल के लिये रवाना किया। टीम ने बिल्डिंग में दबिश मारी तो वहां से बाबूलाल पिता सिद्धूजी निवासी जैथल टैक, अमरसिंह पिता रमेश अहिरवार निवासी शाजापुर और अजय पिता लक्ष्मीनारायण निवासी बिलपांक रतलाम को पकड़ा गया। उसके पास 15 लीटर कच्ची शराब की केने बरामद हुई। तीनों को थाने लाया गया, जहां मामले में आबाकरी अधिनियम एक्ट की धारा 34, 49 (ए) का प्रकरण दर्ज किया गया। बताया जा रहा है कि तीनों आरोपित मजदूरी करते है और मजदूरों को बेचने के लिये शराब लेकर आये थे। पुलिस शराब लाने के ठिकाने का पता लगा रही है। फिलहाल तीनों को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### गांव में सुख समृद्धि की कामना की



**घट्टिया।** आषाढ़ मास की पूर्णिमा पर गुरुवार को ग्राम पटेल कालू सिंह पवार के सानिध्य में नगर स्थित खेड़ा देव मंदिरों पर सिंदूर तेल से पूजन अर्चन कर ध्वजा चढ़ाई गई। गांव में सुख समृद्धि व रोगों से रक्षा सहित अच्छी वर्षा की कामना खेड़ा देव भगवान से की गई। नगर की रक्षा की कामना करते हुए नारियल चढ़ाया गया। घरों में भी भैरु महाराज का पूजन कर दाल बाटी चूरमा का भोग लगाया गया। अपनी-अपनी परंपरा अनुसार भैरु पूर्णिमा पर पूजन अर्चन किया गया।

### लवखेड़ी हनुमान धाम पर गुरु पाद पूजन व भंडारा

**घट्टिया।** देवराह बाबा आश्रम लवखेड़ी हनुमान धाम पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन गुरुवार को किया गया। महंत 1008 श्री सियाराम दास जी महाराज का दूर-दूर से पधारे भक्त गणों ने पाद पूजन कर आशीर्वाद लिया। मानस मण्डल भक्तगण के तत्वावधान में भंडारे का आयोजन सुबह 11 से देर रात एक तक चला जिसमें भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की।

### भाजपा ने गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया



**बड़नगर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा स्थानीय सियाराम बाबा आश्रम पर गुरु पूजन कर आयोजन को उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विधायक जितेंद्र पंड्या ने पूज्य गुरुओं के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन किया एवं संत विष्णुदास जी महाराज का पुष्पमाला,शाल,श्रीफल भेंट कर पूजन किया। आश्रम परिसर में त्रिवेणी का पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, उपाध्यक्ष अनीता वर्मा, जिला मंत्री रेखा राठौड़, कृष्णचंद्र यादव, नगर मंडल अध्यक्ष अमित राठौड, नगर महामंत्री अंकित त्रिवेदी लल्ला, जगन्नाथ मालवीय, अमित जोशी, लता शर्मा, अंकित दवे, गुलशन खटोड़, कलावती ठाकुर, अंतिम पाटीदार, विनय बादशाह, अक्षय भाटी, जयेश आचार्य, आशुतोष शर्मा, आदित्यसिंह राणावत, रवि हिंडोलिया, राजेश परमार, बहादुर बादशाह, सैयद साजिद अली, रामेश्वर चावड़ा, दिनेश चावड़ा,विनोद मकवाना, चेतन केवट, बबलू तिवारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# गुरु पूर्णिमा पर नगर मंडल ने नगर के गुरु जनों का किया सम्मान

**नागदा। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भाजपा नगर मंडल द्वारा धर्मस्थलों पर पहुचकर नगर के विभिन्न सनातन धर्म गुरुओं का सम्मान कर आशीर्वाद लिया गया।**

मंडल अध्यक्ष विजय पटेल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान महानिर्वाणी अखाड़ा के राष्ट्रीय महंत श्री श्री 1008 जय नारायण दास महाराज, फलाहारी बाबा महंत श्याम दास जी, खेड़ापति हनुमान मंदिर के पंडित जी और प्रसिद्ध नवकली नाग महाराज तेजाजी मंदिर के पुजारी का सम्मान किया गया और उनका आशीर्वाद लिया गया।

इस अवसर पर नगर मंडल के सदस्यों ने धार्मिक उद्घोष किया और गुरु की महिमा को संबोधित कर गुरु महाराज की जय जयकार की। कार्यक्रम का समापन शिव हनुमान मंदिर पर मंदिर के पुजारी ओम के सम्मान के साथ प्रसादी ग्रहण कर किया गया।



नगर मंडल के इस कार्यक्रम के माध्यम से गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर के गुरु जनों का सम्मान किया गया और उनका आशीर्वाद लिया गया।

इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, सीएम अतुल दौलत, दौलत राम प्रजापत, सूरज मकवाना, हिम्मत राठौर हरि किशन लोहरवाड़, पुष्पा रघुवंशी, श्रीमति आशा जैन, आशा पोरवाल, नरेंद्र कोठारी, यशपाल कुशवाह, भवानी सिंह देवड़ा, जगदीश बागड़ी, अमर सोलंकी, अम्बर सोनी, रविंद्र राणावत, दीपक जैन, जितेंद्र ओझा, निलेश मेहता, कमलेश प्रजापत, त्रिलोक प्रजापत, अंकित कांकरिया, अंकित चपलोद, गोलू दुलगज, धर्मेश कवट, विशाल सिंह रघुवंशी, भगवती पांचाल, संजय राठौर, भूपेंद्र टटावत, गजेंद्र सिंह, सुमित तंवर, सुनील लीलानी, अर्जुन परिहार आदि बड़ी संख्या में नगर मंडल के सदस्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

# उधार देने से मना करने पर की युवक की हत्या

## पांच घंटे में 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार, पत्थर से कुचला था सिर



**उज्जैन। स्क्रेप का काम करने वाले युवक की पत्थर से सिर कुचलकर बुधवार-गुरुवार रात कालिदास उद्यान में हत्या कर दी गई थी। सुबह लाश मिलने के बाद मृतक की पहचान करते हुए पुलिस ने 5 घंटे की तलाश के बाद 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों मृतक के दोस्त है। उधार रूपये नहीं देने की बात पर हुए विवाद में पत्थरों से सिर कुचलकर हत्या की गई थी।**

कार्तिक मेला ग्राउण्ड के पास कालिदास उद्यान में गुरुवार सुबह कुछ लोगों ने खून से लथपथ एक युवक की लाश पड़ी देखी। चारों ओर खून फैला हुआ था और बड़ा पत्थर पड़ा था। सूचना मिलते ही महाकाल टीआई गगन बादल टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवक की हत्या रात में की गई है। घटना स्थल पर खून से सने पत्थर के अलावा कुछ नहीं मिला। जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। मृतक की पहचान के प्रयास करने पर उसका नाम राजा पिता चिमनलाल सिमरैया 45 वर्ष निवासी जूना सोमवारिया होना सामने आया। जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने बताया कि राजा स्क्रेप का कारोबार करता था। पुलिस ने हत्या में शामिल आरोपियों का पता लगाने के लिये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें राजा के साथ 2 युवक दिखाई दिये। पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू की। पांच घंटे में जूना सोमवारिया में रहने अमन पिता अल्ताफ हुसैन 25 साल और अजीमुद्दीन पित अब्दुल अजीज को हिरासत में लिया गया। सख्त पूछताछ करने पर दोनों ने उद्यान में रखे गमले से सिर पर वार करने के बाद पत्थर से चेहरा कुचल कर हत्या करना कबूल कर लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने राजा से उधार रुपए मांगने थे, नहीं देने पर विवाद हुआ था और सिर पर गमला मार दिया था। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि आरोपियों की पहचान सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की गई। वहीं दोनों को चंद घंटों में गिरफ्तार करने में एसआई विकास देवड़ा, जितेन्द्र झाला, हेमंत जादौन, पुरूषोत्तम गोतम, एएसआई चंद्रभानसिंह, प्रधान आरक्षक मनीष यादव, सुनील पाटीदार, शैलेष योगी, राजपाल और आरक्षक गोपाल, पंकज की भूमिका रही।

# भविष्य निधि संगठन के अधिकारी की उज्जैन स्थित संपत्ति कुर्क

## भोपाल ईडी की टीम ने की कार्रवाई

**उज्जैन। प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) की भोपाल टीम ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ( ईपीएफओ ) के पूर्व प्रवर्तन अधिकारी श्यामलाल अखंड और सहयोगियों की आवासीय और कृषि भूमि कुर्क की है। उज्जैन और इंदौर स्थित इस प्रॉपर्टी की कीमत करीब 50 लाख रुपए है। कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में की गई है।**

गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर ईडी ने जानकारी दी। और बताया कि अखंड और अन्य के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच की जा रही है। इसी सिलसिले में 8 जुलाई को उज्जैन के नलवा गांव स्थित कृषि भूमि और इंदौर के जख्या में एमरॉल्ड सिटी स्थित एक आवासीय भूखंड को कुर्क किया है। अखंड ने अवैध रूप से अर्जित आय का उपयोग स्वयं, अपनी पत्नी और बेटे के नाम पर अचल संपत्तियां खरीदने के लिए किया है। कुर्की की यह कार्रवाई पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत की गई है। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, ईपीएफओ में नौकरी करते हुए 2009 से 2019 के दौरान अखंड ने वैध आय से कहीं अधिक संपत्ति बनाई है। इसके अतिरिक्त कई पारिवारिक बैंक खातों में नकदी भी जमा पाई गई। इसके लिए उन्होंने अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया। जांच से पता चला है कि वह रिश्वत मांगने जैसे भ्रष्ट आचरण में लिप्त थे। छह साल पहले सीबीआई द्वारा अखंड के खिलाफ की गई छापेमारी की कार्रवाई के दौरान यह बात सामने आई थी कि उन्होंने मंदसौर की सांई कंस्ट्रक्शन कंपनी से पीएफ की गड़बड़ी को दबाने के नाम पर 5 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।

# छात्र परिषद का शपथग्रहण समारोह



**खाचरौद।** श्री राज राजेन्द्र जयंतसेन विद्यापीठ में विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन समारोह राज राजेन्द्र शिक्षण समिति के धर्मचंद नांदेचा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गुरुपूर्णिमा के आयोजन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न सदनों – राजेन्द्र सूरी, यतेन्द्र सूरी, विद्याचंद सूरी, जयंतसेन सूरी आदि सदनों के नवनिर्वाचित सदस्यों को उनके पदों एवं कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई। समारोह का मुख्य आकर्षण शपथ ग्रहण समारोह रहा। नवनिर्वाचित हेड बॉय तनय शर्मा और हेड गर्ल नेहा पोपांडिया को प्रतीक चिह्न, बैच और शैशे पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य छात्र परिषद के सदस्यों को भी उनके पदों और कर्तव्यों की शपथ के साथ ही प्रतीक स्वरूप बैज और शैशे पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने इस शपथ ग्रहण समारोह में विद्यार्थियों को बधाई देते हुए परिषद के सभी सदस्यों को अपनी जिम्मेदारियां ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने की प्रेरणा दी। प्राचार्या वीना कुंदी ने छात्र परिषद को शपथ दिलाते हुए एक आदर्श और जिम्मेदार नागरिक बनने एवं टीमवर्क के महत्व को समझाया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। संचालन चंचल बाथम एवं वीणा कोटिया ने किया तथा आभार प्रदर्शन रेखा रुदवाल ने किया।

# सुंदराबाद में गुरु पूर्णिमा समारोह मनाया



**सुंदराबाद.** गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य कार्यक्रम शासकीय स्कूल सुंदराबाद में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक अशोक वैष्णव रहे। अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि अजय पंड्या ने की। विशेष अतिथि ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष घनश्याम सिंह पंड्या रहे। प्रारंभ में मां सरस्वती एवं गुरु स्वरूप वेदव्यास जी का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में अशोक वैष्णव ने कहा कि विद्यार्थियों को आज शिक्षा के साथ विद्या भी पाना जरूरी है। शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी है, विद्यार्थीयो को अपने जीवन में कथनी और करनी एक समान रखनी चाहिए। आपने वेदव्यास के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत शिक्षक अशोक निंबोला ने किया। वह साथ में संबोधन में आरुणि व एकलव्य की कथा द्वारा बच्चों में संस्कार एवं गुरु भक्त बने इसके लिए उन्हें प्रेरक कहानियों के माध्यम से शिक्षा दी गई। स्वागत भाषण संस्था प्राचार्य भावना सोनी ने दिया। शिक्षिका वीणा कुमावत ने भी संबोधित किया। विद्यार्थियों ने भी अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए, जिसमें सुष्मिता चौधरी, मुस्कान भाटी, हर्षिता व सलमान शामिल है। कार्यक्रम में ओमप्रकाश सोयल, सुरेंद्र सक्सेना, भानुप्रताप सिंह पंवार, राजेश राव आदि उपस्थित रहे। समापन पर प्रसादी वितरण किया गया।

### गढ़कालिका मंदिर में माता को लगाया छप्पन भोग



**उज्जैन।** गुरूपुर्णिमा एवं श्रावण मास के उपलक्ष्य में गढ़कालिका मंदिर में माता को छप्पन भोग लगाया गया। गढ़कालिका मंदिर में नन्हें गादीपति महंत आदित्य नाथ पुजारी और गढ़कालिका मंदिर की मुख्य पुजारी टीना नाथ पुजारी द्वारा गढ़कालिका मंदिर पर छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रध्दालु मौजूद रहे। पश्चात प्रसादी वितरण किया गया।

# भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ ने गुरू पूर्णिमा उत्सव मनाया

**बड़नगर। स्थानीय पी जी महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अंतर्गत गुरू पूर्णिमा उत्सव आयोजित कर सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मां सरस्वती जी को माल्यार्पण एवं पूजन से हुआ।**

इस अवसर पर महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रो. रामेश्वर कोट एवं प्रो. प्रेमचन्द त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। गुरू शिष्य परम्परा विषय पर व्याख्यान के लिए मुख्य वक्ता के रूप में सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक आशीष शुक्ला आंमत्रित थे। मां सरस्वती पूजन के बाद महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. लक्ष्मण चेलाणी ने सभी मुख्य अतिथि एवं वक्ता का अभिनन्दन शाल-श्रीफल भेंट कर किया। अतिथियों का स्वागत प्रो. सुनील उदीवाल, प्रो. मनोज लष्करी, प्रो. दीपा वाड़िया, प्रो. नेहा डोडिया, प्रो. किरण मण्ड़लोई, प्रो. आदित्य ठाकुर, प्रो. अनिमेष शर्मा, रितेष पीरिया, नारायण भूरिया एवं विद्यार्थियों ने पुष्पमालाओं से किया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए श्री आषीष शुक्ला ने कहा कि आषाढ़ माह की पूर्णिमा पर महर्षि वेद व्यास जी का जन्म हुआ था। गुरू वेद व्यास जी के जन्म दिन को गुरू पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। जो हमारे देष की गुरूषिष्य परम्परा की प्राचीनता को प्रमाणित करता है। गुरू का हमारे जीवन में क्या महत्व है इसके प्रमाणों से हमारा इतिहास भरा पड़ा है।



इस अवसर पर प्रो. रामेश्वर कोट एवं प्रो. प्रेमचन्द त्रिवेदी ने भी गुरू के महत्व को दर्शाते हुए अपने विचार रखें। प्रो. प्रेमचन्द ने अपने एक व्यंग्य का वाचन भी किया। कार्यक्रम के अंतर्गत गुरू शिष्य परम्परा पर एक वृत्त चित्र का भी प्रदर्शन किया गया। जिससे सभी ने सराहा कार्यक्रम का संचालन प्रो. सुनील उदीवाल ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रो. मनोज लष्करी द्वारा माना गया।

**कावड़ियों के दर्शन** — सभामंडप में पहुंचकर पात्र के जरिए भगवान को जल चढ़ा सकेंगे

# आज से श्रावण मास, महाकाल में अनुमति वाले कावड़ियों को 4 नंबर से प्रवेश

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** श्रावण मास आज शुक्रवार शुरू हो जाएगा। उज्जैन में ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में देशभर से लाखों श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए उमड़ेंगे। मंदिर आम श्रद्धालुओं के सुलभ दर्शन हेतु समिति ने इंतजाम किए है। वहीं पूर्व से अनुमति प्राप्त कावड़ियों के लिए 4 नंबर गेट से प्रवेश की व्यवस्था की गई है।

कावड़ यात्री सभामंडप में पहुंचकर समिति द्वारा लगाए गए पात्र के जरिए भगवान महाकाल को जल चढ़ा सकेंगे। श्रावण मास के दौरान आने वाले कावड़ यात्रियों के करीब 40 दल ने अनुमति के लिए समिति को आवेदन दिए है। कावड़ियों को सप्ताह में तीन दिन शनिवार, रविवार व सोमवार को छोड़कर चार दिन मंदिर में विशेष रूप से गेट 4 से प्रवेश की अनुमति रहेगी। समिति के उप प्रशासक एसएन सोनी ने बताया प्रतिवर्ष के अनुसार इस बार भी देश के विभिन्न राज्यों से 118 कावड़ यात्रा संघ मंदिर आते हैं। अभी तक करीब 40 आवेदन अनुमति के लिए आ चुके हैं। ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों व्यवस्था से आने की तारीख, समय, कांवड़ियों की संख्या आदि जानकारी देकर अनुमति ली जा सकती है। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से भी कावड़िए महाकाल महाराज का जल चढ़ाकर पुन: अपने गंतव्य की ओर लौट जाएंगे।

### महाकाल की सवारी में देंगे सेवा



उज्जैन। सन् 1918 से रजिस्टर्ड सेवा समिति उज्जैन के स्वंय सेवक विगत कई वर्षों से बाबा महाकाल की सवारी में सेवा देते आ रहे है। इस वर्ष भी सुभास गौड अध्यक्ष, महेश सिंह बैस सचिव, सेवा समित के निर्देशन में सभी स्वंय सेवक अपनी सेवा महाकाल की सवारी में देने को तैयार हैं।

### श्रावण भादो के चलते अधिकारी कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक

श्रावण, भादो मास में महाकाल मंदिर में लाखों दर्शनार्थियों की व्यवस्था और सवारियों के चलते उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक लगा दी है। यह रोक 11 जुलाई से 20 अगस्त तक रहेगी। कलेक्टर ने पूर्व से स्वीकृत सभी प्रकार के अवकाश भी तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए हैं। साथ ही शनिवार और रविवार एवं अन्य सरकारी अवकाश के दिनों में भी सभी अधिकारियों को जिला मुख्यालय पर रहने के आदेश जारी किए हैं।

### 9 अगस्त को आ रही राखी भद्रा नहीं होने से पूरे दिन बांध सकेंगे

इस बार राखी 9 अगस्त को आ रही है। भद्रा का साया नहीं होने से पूरे दिन राखी बांधी जा सकेगी। श्रवण नक्षत्र व सौभाग्य योग का संयोग भी बन रहा है। अक्सर रक्षा बंधन पर भद्रा का साया होने के कारण मुहूर्त देखकर राखी बांधी जाती है। लेकिन इस बार पूरे दिन ही भद्रा का प्रभाव नहीं रहेगा, जिससे किसी भी समय राखी बांधी जा सकेगी। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि इस वर्ष रक्षाबंधन श्रवण नक्षत्र, सौभाग्य योग, बव करण और पूर्णिमा तिथि में पर्व मनाया जाएगा। इस दिन चंद्रमा मकर राशि में स्थित रहेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग में प्रात: से दोपहर 2 .40 बजे तक शुभ मुहूर्त रहेगा। सायंकाल में भी शुभ योग में राखी बांधी जा सकेगी।